Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- पटवारी सुरेन्द्र स्वामी पटवार हल्का आलीसर तह. चौमू जिला जयपुर के दलाल भैरूराम यादव (प्राईवेट व्यक्ति) 1,00,000/— रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 02 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर चतुर्थ जयपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये पटवारी **सुरेन्द्र स्वामी पटवार हल्का आलीसर तह. चौमू जिला जयपुर के दलाल भैरूराम यादव** (प्राईवेट व्यक्ति) को **1,00,000/—— रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर चतुर्थ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने शिकायत कि की मैने आलीसर पटवार हल्के में जमीन चारणवास आलीसर चौमू में दिसम्बर 2025 में खरीदी थी उसी समय रजिस्ट्री कराई थी वहां का पटवारी सुरेन्द्र स्वामी पटवार हल्का आलीसर चौमू जिला जयपुर उसके दलाल भैरूराम यादव (प्राईवेट व्यक्ति) के मार्फत नामान्तरण खोलने की एवज में 1,00,000/— रूपये की रिश्वत मांग रहा है इसका दिनांक 01.07.2026 को रिश्वत मांग सत्यापन कराया गया जिसमें दिनांक 02.07.2026 को रिश्वत राशि लेने की बात हुई आज दिनांक 02.07.2026 को पटवारी के दलाल भैरूलाल यादव को चौमू कस्बे में एचपी पेट्रोल पम्प के पास चाय की थडी पर परिवादी से 1,00,000/— (एक लाख अक्षरे) रूपये की रिश्वत लेने पर गिरफ्तार किया गया तथा पटवारी सुरेन्द्र स्वामी की तलाश जारी है।

जिस पर एसीबी **उप महानिरीक्षक—द्वितीय जयपुर श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. जयपुर नगर चतुर्थ जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार गुप्ता** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री रामजीलाल** एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सुरेन्द्र स्वामी पटवार हल्का आलीसर तह. चौमू जिला जयपुर के दलाल भैरूराम यादव (प्राईवेट व्यक्ति) को 1,00,000/— रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी भैरूराम यादव (प्राईवेट व्यक्ति) से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।